बिहार शिक्षा परियोजना, भागलपुर
डायट कैम्पस, खिरनी घाट,
बड़ी खंजरपुर, भागलपुर, 812001

Bihar Education Project, Bhagalp
DIET campus, Khirni Ghat,
Bari Khanjarpur, Bhagalpur, 812001

पत्रांक : BEP/.............................. दिनांक ..................

# सूचना

राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना के ज्ञापांक 4166 दिनांक 29.10.2024 के निदेशानुसार जिले में संचालित 16 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की लगभग 2000 बालिकाओं को 36 दिवसीय कराटे प्रशिक्षण प्रदान करने के उपरांत पीला बैल्ट का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाना है। इस हेतु प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु वैध संस्थान से निम्नांकित शर्तों के अधीन निविदा आमंत्रित किया जाता है–

1. संस्था उक्त प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु अधिकृत हो एवं कोटेशन के साथ संस्था के पंजीकरण का स्वअभिप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. संस्था द्वारा प्रमाणपत्र की विशिष्टता अर्थात् लबाई–चौड़ाई–मोटाई एवं कागज की गुणवत्ता को स्पष्ट रुप में उल्लेखित करना होगा एवं नमूना की प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. संस्था द्वारा प्रति प्रमाण पत्र का दर शब्द एवं अंक में स्पष्ट रुप में अंकित करना होगा। साथ ही संस्थान के नाम संचालित बैंक खाता का विवरण भी निविदा में अंकित करना है।
4. संस्था को GST से निबंधित होना अनिवार्य होगा। भुगतान संस्था के नाम से संचालित बैंक खाते पर PFMS द्वारा किया जाएगा।
5. संस्था को आपूर्ति आदेश निर्गत की तिथि से एक सप्ताह के अंदर प्रमाण पत्र की आपूर्ति किया जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा कि स्थिति में विलंब शुल्क अधिरोपित किया जाएगा।
6. प्रमाण पत्र की संख्या आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाया जा सकता है।
7. उक्त निविदा को संशोधित/स्थगित/रद्द करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता उपर्युक्त के आलोक में दिनांक 22.01.2025 तक निबंधित डाक के माध्यम से निविदा बंद लिफाफा में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पते पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

ह० –
(बबीता कुमारी)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा०शि० एवं समग्र शिक्षा, भागलपुर

ज्ञापांक KGBV/218 भागलपुर। दिनांक 13/01/2025।

प्रतिलिपिः–कार्यालय सहायक, बि०शि० परियोजना, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश है कि उक्त सूचना को कार्यालय के सूचना पटल पर अविलंब प्रदर्शित करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपिः–सहायक कम्प्युटर प्रोग्रामर, बिहार शिक्षा परियोजना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेष दिया जाता है कि उक्त सूचना को विभागीय वेबसाईट पर अविलंब अपलोड कराया जाए।

प्रतिलिपिः–जिला सूचना पदाधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, भागलपुर से अनुरोध है कि उक्त सूचना को NIC पोर्टल पर अविलंब अपलोड करने का कष्ट करेंगे।

13/01/25
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा०शि० एवं समग्र शिक्षा, भागलपुर